**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तर।**

---

| <u>**प्रश्न**</u> | <u>**उत्तर**</u> |
|---|---|
| 21 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-खैराबाद की ग्रामसभा पहाड़पुर में आश्रम पद्धति स्कूल रहिमाबाद से शिवपुरी तक की दूरी जो लगभग 1.5 कि0मी0 है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद के अन्तर्गत ग्रामसभा पहाड़पुर में ग्राम रहिमाबाद खैराबाद-मछरेहटा-कल्ली (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 05 के बायें से निकलने वाले रहिमाबाद सम्पर्क मार्ग पर स्थित है, इसी मार्ग पर बायें 100 मीटर की दूरी पर आश्रम पद्धति स्कूल है जो कि खडण्जा स्तर का है। ग्राम शिवपुरी राष्ट्रीय राज मार्ग-30 के किमी 420 से दाहिने निकलने वाले पहाड़पुर कोलिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 03 से बांये शिवपुरी सम्पर्क मार्ग पर स्थित है जो कि लेपित मार्ग से संतृप्त है। प्रश्नगत मार्ग डबल कनेक्टिविटी से आच्छादित है, वर्तमान समय में डबल कनेक्टिविटी की कोई योजना लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**